# चुनाव आयोग ने थपथपाई झारखंड पुलिस की पीठ

राज्य ब्यूरो, रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए झारखंड पुलिस व केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के समन्वय की भारतीय निर्वाचन आयोग ने सराहना की है। आयोग ने झारखंड पुलिस की पीठ थपथपाई है और कहा है कि राज्य में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराना वास्तव में चुनौतीपूर्ण था, जिसे झारखंड पुलिस ने न सिर्फ स्वीकारा, बल्कि उसे बेहतर तरीके से कर दिखाया। पूर्व के चुनावों की तुलना में यह पहली बार है कि नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम नहीं दे पाए।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा ने झारखंड पुलिस को पत्र लिखकर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने झारखंड विधानसभा चुनाव-2019 के स्पेशल पुलिस आब्जर्वर सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी व मणिपुर के पूर्व डीजीपी मृणाल कांति दास तथा झारखंड के डीजीपी कमल नयन चौबे व एडीजी ऑपरेशन मुरारी लाल मीणा को भी आपसी समन्वय बनाने और बेहतर रणनीति के तहत शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने पर बधाई दी है।

इधर, स्पेशल पुलिस आब्जर्वर मृणाल कांति दास दास ने भी डीजीपी कमल नयन चौबे व उनकी टीम को सहयोग करने और बेहतर समन्वय के लिए बधाई दी है। कहा है कि सबके सहयोग व अथक प्रयास से ही यह संभव हो पाया।

## सराहना

- शांतिपूर्ण, सुरक्षित व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मिली शाबाशी
- स्पेशल पुलिस आब्जर्वर ने भी आपसी समन्वय को सराहा

## नक्सलियों ने इस बार भी खूब कोशिश की, लेकिन असर नहीं पड़ा

नक्सलियों ने झारखंड विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने की भी भरपूर कोशिश की, लेकिन इसका असर नहीं पड़ा। लातेहार जिले के चंदवे थाना क्षेत्र में स्थित लुकइया मोड़ के पास 22 नवंबर की रात भाकपा माओवादी रवींद्र गंझू के दस्ते ने हमला कर एक एएसआइ व होमगार्ड के तीन जवानों की शहादत लेकर दहशत फैलाने की पूरी कोशिश की थी। लेकिन, इसके बाद पुलिस की मुस्तैदी ने उन्हें दुबकने को विवश कर दिया। पुलिस ने इस केस को भी सफलतापूर्वक सुलझा लिया है और आरोपित दबोचे जा चुके हैं।

# अड़की के जंगल से एक पाइप व एक केन बम बरामद

जासं, खूंटी : जिला पुलिस बल, एसएसबी 26वीं बटालियन उलीहातू कैंप एवं कोबरा 209 बटालियन द्वारा गुरुवार को नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम तुबिद एवं हसर के बीच पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा लगाया गया एक 10 किलोग्राम का पाइप बम एवं एक किलोग्राम का केन बम बरामद किया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने दी।

उन्होंने बताया कि सर्च अभियान के दौरान पाए गए बमों को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। नक्सलियों के खिलाफ अड़की थाना में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सर्च अभियान में कोबरा 209 बटालियन के द्वितीय कमांड अधिकारी पिंटू यादव, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग राज, एसएसबी उलीहातू कैंप के उप समादेष्टा वैभव सिंह परिहार, उप समादेष्टा अजय कुमार वाजपेयी, सहायक समादेष्टा वासुदेव दास एवं अड़की थाना प्रभारी विक्रांत कुमार समेत सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## सफलता

- पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया गया था
- बम निरोधक दस्ते ने किया निष्क्रिय, नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज



जंगल में रखा गया केन बम • जागरण

# सीआरपीएफ तैनात, अतिरिक्त बल भेजे गए

जासं, लोहरदगा : लोहरदगा में एहतियातन कर्फ्यू लगा दिया गया है। शहरी क्षेत्र में कर्फ्यू की घोषणा एसडीओ ज्योति कुमारी झा ने की। जबकि शेष जिले में धारा 144 लगाते हुए शांतिपूर्ण माहौल स्थापित करने का प्रयास किया गया है। उपद्रव, आगजनी मारपीट और तोड़फोड़ की घटनाओं को देखते हुए पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सीआरपीएफ के हवाले कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी डीआईजी एवी होमकर, एसपी प्रियदर्शी आलोक खुद से कर रहे हैं। पुलिस के जवानों द्वारा मार्च पास्ट किया।

**लोहरदगा भेजा गया अतिरिक्त बल :** पुलिस मुख्यालय के आदेश पर लोहरदगा के लिए अतिरिक्त सशस्त्र बल के जवानों को भारी संख्या में लोहरदगा भेजा गया है। वहीं, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त व रेंज डीआइजी भी लोहरदगा पहुंच गए हैं।



पत्थरबाजी की घटना के बाद शहरी क्षेत्र में मार्च करते जवान ● जागरण



लोहरदगा में जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थिति को लेकर काफी चिंता हो रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन को उग्र बनाने की कोशिश की गई।

-सुदर्शन भगत, सांसद



लोहरदगा की स्थिति से काफी तकलीफ होती है, हम सभी को आपसी सौहार्द को बनाए रखना चाहिए। यह राजनीति करने का समय नहीं है, बल्कि सामाजिक स्थिति को सरल और शांत बनाने का है।

-सुखदेव भगत, पूर्व विधायक

## प्रमंडलीय आयुक्त पर भी हुआ पथराव, सुरक्षित


जासं, लोहरदगा : घटना की सूचना मिलने के बाद लोहरदगा पहुंचे दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त विनोद कुमार पर भी न्यू रोड में पथराव की घटना हुई है। हालांकि वे बाल-बाल बच गए।

# Job well done, says EC to forces for peaceful polls

TIMES NEWS NETWORK

**Ranchi:** The Election Commission of India (ECI) praised the state's civil administration, state police and central para-military forces for holding the assembly election in a well-coordinated and harmonised manner. The polls were held in five phases between November 30 and December 20 owing to threats from extremist outfits.

In a recent letter addressed to special police observer Mrinal Kanti Das, Chief Election Commissioner (CEC) Sunil Arora said, "I take this opportunity to congratulate all of you for the commendable efforts and the praiseworthy outcome by team Jharkhand, individually and collectively."



File photo of para-military forces guarding a polling station during the recently-concluded state election

The CEC also admitted that holding the election in the state was a daunting task. He added that the state administration had the privilege of guidance, whenever required, by a veteran like Das. The CEC stated, "It is at a time like this that the much-maligned system — more often than not for right reasons — is able to exhibit the real performing side of a well-oiled and coordinated machinery."

The entire election process remained peaceful barring a stray incident of a blast on an approach road near a culvert in Gumla district and minor clashes between supporters of BJP and Congress candidates in Daltonganj.

However, in the run up to the polls on November 22, extremists ambushed four policemen in an attack on a PCR van under Chandwa police station area in Latehar district. Seven rebels in this case were on Tuesday nabbed by Latehar police. After the election, Das had also written a letter to Jharkhand DGP K N Choubey, hailing their efforts for ensuring a peaceful polls. He said, "The elections were free, transparent and peaceful which drew appreciation from all sections of society."

# Security forces seize 20 kg of can bomb

PNS ■ GIRIDIH

A joint team of the 154th battalion of CRPF and local police recovered 20 kg of can bomb planted besides culvert at Phulibagan forest road, barely 5 km away from Nimiaghat police station on Wednesday morning at 12pm , said ASP (Operations)of 154 battalion Deepak Kumar. The forces have intensified search operation in the Maoist–hit Pirtard police station area for the past few days.

Maoists itching to create fresh terror in the area to stay their business ,had another failure when the police successfully averted a major disaster by recovering one piece of powerful Cane bomb connected with electronic detonator near Phulibagan village within limits of Pirtard police station.

The operation ,carried out, by Giridih ASP Deepak Kumar, Moolchand, Second command of CRPF, Assistant Cammandant Rajyavardhan along with police officials of Pirtard police station and in association with forces of 154th battalion of CRPF ended on Wednesday afternoon. However, no arrest could be made as the can bomb was found dumped , said Kumar.

Police sources informed that in course of a combing operation in the Naxal-hit jungles, the team came across Phulibagan forest road ,a can bomb planted on the road. It was aimed at blowing the police patrolling party.

The can bomb was about to blast but fortunately it as detected and defused within time by an anti-bomb squid. While the local police sources said that the main reason behind the plantation of the can bomb in the area is believed to be movement of the forces in that area,said Surendra Kumar Jha,SP Giridih.

## पुलिस ने सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश को किया नाकाम, सर्च ऑपरेशन जारी

# गिरिडीह में बीस किलो का आईईडी बम बरामद

गिरिडीह | प्रतिनिधि

गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ 154वीं बटालियन ने नक्सलियों की सुरक्षा बलों पर हमले की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। सर्च अभियान के दौरान बीस किलो का आईईडी बम बरामद किया गया, जिसे डिफ्यूज कर दिया गया।

एएसपी दीपक कुमार ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों पर हमले की साजिश रची थी। पुलिस और सीआरपीएफ ने नक्सलियों द्वारा जमीन में गाड़कर रखे गए आईईडी को बरामद कर लिया। यह बरामदगी पारसनाथ के फूलीबागान के पास हुई। यह सफलता नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान बुधवार को मिली। एसपी सुरेन्द्र कुमार

### सफलता

- पारसनाथ के फूलीबागान के पास नक्सलियों ने लगाया था आईईडी
- सर्च अभियान के दौरान पुलिस को मिली सफलता

झा को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का दस्ता पारसनाथ के क्षेत्र में देखा गया है। इसके बाद एसपी ने सर्च अभियान शुरू किया। अभियान में एएसपी दीपक कुमार के साथ सीआरपीएफ के अधिकारी मूलचंद और राज्यवर्धन शामिल हुए। सर्च ऑपरेशन के दौरान जब पुलिस व सीआरपीएफ के जवान फूलीबागान के पास पहुंचे तो यहीं पर



पारसनाथ में बुधवार को फूलीबागान के पास से बरामद आईईडी। • हिन्दुस्तान

20 किलो का आईईडी बरामद हुआ। आईईडी को मार्ग से निकाल कर नष्ट कर दिया गया।

## नागपुर में बना विस्फोटक जाहरसराय जंगल से बरामद

गढ़वा । गढ़वा पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। नागपुर में बने ये विस्फोटक मझिआंव थाना क्षेत्र के जाहरसराय जंगल की एक गुफा से बरामद किए गए। बुधवार को एसपी अश्विनी कुमार सिन्हा ने बताया कि बरामद विस्फोटक से 10 शक्तिशाली लैंड माइंस तैयार की जा सकती थी।

उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जाहरसराय जंगल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं छुपाकर रखी हुई हैं। इस सूचना के मद्देनजर एएसपी सदन कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई। इसके बाद पुलिस टीम ने जंगल में सर्च अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान जंगल स्थित पहाड़ की एक गुफा से 173 जिलेटिन स्टिक, 11 पीस इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 30 किलोग्राम यूरिया खाद, एक बंडल इलेक्ट्रिक वायर और तीन गैस सिलेंडर बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि नक्सलियों की लैंडमाइंस बनाने की तैयारी थी।

### अड़की के जंगलों में नक्सलियों के विरुद्ध चला सर्च अभियान

# पुलिस को क्षति पहुंचाने के लिए लगाए गए दो बम मिले

**भास्कर न्यूज | खूंटी**

अड़की थाना क्षेत्र के तुबिद और गस्सर के जंगल में जिला बल, कोबरा और 26 एसएसबी के जवानों द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में पुलिस ने दस किग्रा का एक पाइप बम और एक किग्रा क्षमता के एक केन बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि दोनों बम पुलिस को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने लगाया



जंगल से मिला केन बम।

था। संयुक्त सर्च अभियान के तहत बरामद कर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी ने बताया कि बरामद दोनों बम को बम निरोधक दस्ता द्वारा निष्क्रिय कर दिया गया। इस संबंध में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और 17 सीएलए के तहत अड़की थाना में मामला दर्ज किया गया है। सर्च अभियान में 209 कोबरा बटालियन के द्वितीय कमांड अधिकारी पिंटू यादव, एएसपी अनुराग राज, एसएसबी के उपसमादेष्टा वैभव सिंह परिहार, सहायक समादेष्टा वासुदेव दास, अड़की थाना प्रभारी विक्रांत कुमार और एसएसपी और अड़की थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

खबर मंत्र – 14.01.2020

# सीआरपीएफ कमांडेंट ने किया बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण का उद्घाटन

**गिरिडीह।** सीआरपीएफ 7 बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार भारद्वाज द्वारा सोमवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्लोबल आईटी सोल्यूशन में बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। यह प्रशिक्षण वैसे छात्र-छात्राओं को दिया जायेगा जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री भारद्वाज ने कहा कि आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी रखना काफी अनिवार्य है।

# भारी मात्रा में कारतूस के साथ टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार

जासं, चंदवा (लातेहार) : जिला पुलिस व सीआरपीएफ 133 बटालियन ने संयुक्त कार्रवाई में टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) उग्रवादी सकिंद्र गंझू को भारी मात्रा में 5.56 एमएम इंसास की गोली के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए उग्रवादी ने अपना नाम सकिंद्र गंझू (पिता रामलगन गंझू, माता बुधनी देवी बियरजंघा) बताया है। पुलिस को उसके पास से एक कपड़े के थैले में रखे 5.56 एमएम की 152 कारतूस, दो मोबाइल फोन मिला है। एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि गरदाग जंगल में टीएसपीसी जोनल कमांडर पत्थर (सतीटाड़, चतरा), रमेश गंझू उर्फ बोदा (भलुआही, बालूमाथ), नितेश (लवालौंग), नेताजी (जाजो हेरंहज), नितेश गंझू (लुगुद, चतरा) श्रीकांत गंझू (डोकर, बालूमाथ), प्रभात (मैक्लुस्कीगंज), बालदेव गंझू (बारियातू), बलेंदर गंझू उर्फ अजीत (डोकर, बालूमाथ) सुरेश गंझू (भलुवाही, बालूमाथ), जितेंद्र यादव, बालेश्वर गंझू उर्फ अफजल (दोनों, पिन्जनी कोटाम, चतरा), राकेश गंझू उर्फ विराज (काटीमोड़, चतरा), मरांडी, श्रीकांत, जितेंद्र यादव (मनिका) क्षेत्र और विराज (हेरहंज) शामिल थे।

CS CamScanner

खबर मंत्र – 19.01.2020

# सीएम से मिले सीआरपीएफ के महानिदेशक एपी माहेश्वरी और सेल के अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी



सीएम से मिलते सीआरपीएफ की डीजी



सीएम से मिलते सेल के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। सीआरपीएफ के महानिदेशक एपी माहेश्वरी ने शनिवार को मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। उनके साथ सीआरपीएफ के एसडीजी कुलदीप सिंह, एडीजी संजय अरोड़ा और आईजी राजकुमार भी थे।

वहीं स्टील ऑथरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर साथ में सेल के निदेशक विवेक गुप्ता भी थे।

रांची एक्सप्रेस – 21.01.2020

# सीआरपीएफ कमांडेंट ने बच्चों को पिलायी पोलियो की खुराक

संवाददाता



**नौडीहा (पलामू) :** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का कैचअप राउंड रविवार को शुरू हुआ। नौडीहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अति सुदूरवर्ती डगरा पंचायत के राजकीय स्तरोन्नत उच्च विद्यालय डगरा बूथ पर सीआरपीए कमांडेंट राजेंद्र भंडारी ने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाने वाली दो बूंद जिंदगी की पिलाकर अभियान को गति दी। सीआरपीएफ के जवानों ने बड़े उत्साह के साथ दर्जनों बच्चों को खुराक पिलाई। साथ ही बच्चों के बीच टॉफियां बांटी गई। सीआरपीएफ अधिकारी श्री भंडारी ने कहा कि शून्य से पांच वर्ष तक का एक भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसे अभिशाप से मुक्ति के लिए समाज को जागरूक होना जरूरी है। पोलियो अभियान के तहत शुन्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई गई। यह अभियान तीन दिनों तक चलेगा। पहले दिन स्वास्थ्य कर्मियों ने निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। सोमवार व मंगलवार को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।